पंजाब केसरी
29-03-2025

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज और कैनवास फिल्म्स एंड टी.वी. के बीच हुआ अकादमिक सहयोग समझौता

अम्बाला, 28 मार्च (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के जनसंचार विभाग ने शुक्रवार को कैनवास फिल्म्स एंड टी.वी. के साथ अकादमिक सहयोग समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता विद्यार्थियों को मीडिया, संचार और संबंधित क्षेत्रों में कौशल विकास और उद्योग से जुड़े अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है।



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त और कैनवास फिल्म्स एंड टी.वी. के निदेशक प्रमोद पब्बी। साथ में हैं मास कम्युनिकेशन विभाग की असिस्टैंट प्रोफैसर सुषमा शर्मा।

इस समझौता पत्र पर गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त और कैनवास फिल्म्स एंड टी.वी. के निदेशक प्रमोद पब्बी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कॉलेज में मास कम्युनिकेशन विभाग की असिस्टैंट प्रोफैसर सुषमा शर्मा, संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित रहे, जिन्होंने अकादमिक शिक्षा और व्यावसायिक दुनिया के बीच इस महत्वपूर्ण कड़ी की सराहना की।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यह सहयोग विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण, मीडिया प्रोडक्शन और डिजिटल कंटेंट क्रिएशन में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा। इससे उनके करियर की संभावनाएं मजबूत होंगी, क्योंकि उद्योग से जुड़े ऐसे सहयोग आधुनिक शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कैनवास फिल्म्स एंड टी.वी. के निदेशक प्रमोद पब्बी ने भी इस साझेदारी को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि उनका संस्थान विद्यार्थियों के लिए कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, इंटर्नशिप और लाइव प्रोजैक्ट्स की सुविधा प्रदान करेगा, ताकि वे उद्योग से संबंधित आवश्यक कौशल विकसित कर सकें।

मास कम्युनिकेशन विभाग की असिस्टैंट प्रोफैसर सुषमा शर्मा ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन संयुक्त परियोजनाओं, अतिथि व्याख्यान और छात्र इंटर्नशिप को प्रोत्साहित करेगा, जिससे युवा प्रतिभाओं को उनके करियर में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक अनुभव प्राप्त हो सके। यह पहल शिक्षा जगत और मनोरंजन उद्योग के बीच संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।